बी.पी.एस.ई.– 212/ई.पी.एस.–12

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

(बी. डी. पी.)

सत्रीय कार्य 2024

पाठ्यक्रम कोड : बी.पी.एस.ई. – 212/ई.पी.एस.–12

पाठ्यक्रम शीर्षक : भारत में सरकार और राजनीति

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

राजनीति विज्ञान में ऐच्छिक पाठ्यक्रम :
(बी.पी.एस.ई. – 212/ई.पी.एस.–12)
पाठ्यक्रम शीर्षक : भारत में सरकार और राजनीति
सत्रीय कार्य

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, आपको राजनीति विज्ञान के प्रत्येक ऐच्छिक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना होगा। यह अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य **बी.पी.एस.ई. – 212: भारत में सरकार और राजनीति तथा ई.पी.एस.–12: भारत में सरकार और राजनीति** के विद्यार्थियों के लिए एक समान सत्रीय कार्य है।

सत्रीय कार्य करने से पहले आप अलग से भेजी गई कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को कृपया सावधानी से पढ़ लें। यह आवश्यक है कि सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर आप अपने शब्दों में दें। आपके उत्तर के शब्दों की सीमा किसी भी श्रेणी के लिए दी गई शब्द सीमा के अनुरूप होनी चाहिए। सत्रीय कार्य तीन भागों में विभाजित है।

प्रस्तुतीकरण : सभी सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास सत्रांत परीक्षा से दो महीने पहले जमा करने होंगें।

जून, 2024 के सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को 31 मार्च, 2024 तक यह सत्रीय कार्य जमा करना होगा। दिसम्बर, 2024 की सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को 30 सितम्बर, 2024 तक यह सत्रीय कार्य जमा करना होगा।

अगर आपने इस पाठ्यक्रम के लिए पहले ही सत्रीय कार्य जमा कर दिया है और उसकी जांच के उपरांत उसे विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग को भेज दिया है तब आपको इस सत्रीय कार्य को जमा करने की जरूरत नहीं है।

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र/क्षेत्रीय केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्रक्षेत्रीय केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

पाठ्यक्रमः भारत में सरकार और राजनीति
(बी.पी.एस.ई.–212 / ई.पी.एस.–12)
अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यकम कोड : बी.पी.एस.ई. – 212 / ई.पी.एस.–12
सत्रीय कार्य कोड : बी.पी.एस.ई. – 212 / ई.पी.एस.–12 / ए एस एस टी / टी एम ए / 2024
अंक : 100

प्रत्येक भाग के प्रश्नों के उत्तर दें। उत्तर अपने शब्दों में लिखें।

भाग – एक

अ) निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का लगभग 500–500 शब्दों में उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

1. संघ और राज्यों के बीच संघर्ष और उनके प्रभावों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए। 20
2. उन कारकों की चर्चा करें जो भारत में संसदीय वर्चस्व के बजाय संवैधानिक वर्चस्व को स्थापित करते हैं। 20

भाग – दो

ब) निम्नलिखित मध्यम उत्तरीय प्रश्नों का लगभग 250–250 शब्दों में उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 12 अंक का है।

3. उत्तर– पूर्वी भारत के राज्यों के पुनर्गठन की प्रक्रिया पर चर्चा करें। 10
4. भारत के संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत राष्ट्रीय आपातकाल की चर्चा करें। 10
5. भारत में दलीय प्रणाली की बदलती प्रकृति का विश्लेषण करें। 10
6. ग्रामीण भारत में जाति और भूमि स्वामित्व के बीच संबंधों की जांच करें। 10

भाग – तीन

स) निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्न पर लगभग 100–100 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। प्रत्येक प्रश्न छह अंक का है।

7. अंतरराज्यीय परिषद की भूमिका और उपयोगिता की व्याख्या करें। 6
8. आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी के उदय के कारणों का विश्लेषण करें। 6